हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]


# मंदिरों और पंडालों में अष्टमी पर हवन, आज ज्योत विसर्जन का चलेगा दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर्व अब अपनी समाप्ति की ओर पहुंच गया है। 22 सितंबर से शुरू हुआ मां शक्ति की आराधना का यह पर्व आज नवमी के साथ समाप्त हो जाएगा। इससे पहले मंगलवार को अंचल में देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में समितियों द्वारा हवन का आयोजन किया गया। अष्टमी के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों में नौ कन्या भोज भी आयोजित किया था। वहीं आज नवमी पूजन के बाद मंदिरों एवं पंडालों से ज्योत विसर्जन करने का दौर भी शुरू हो जाएगा।

पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को अष्टमी तिथि शाम को 06 बजकर छह मिनट तक ही थी। यही कारण है कि अधिकांश समितियों ने अष्टमी समाप्त होने से पहले ही अपने हवन की शुरूआत कर ली थी। वहीं कन्या भोज के आयोजन की भी शुरूआत अष्टमी से हो गई है। ज्ञात हो कि धार्मिक मान्यता के अनुसार कन्याओं में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का वास होता है। इस दिन कन्याओं को घर बुलाकर उनका आदर-सत्कार, पूजन और भोजन कराने से साधक को समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का वास होता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग अपने घरों में कन्या भोज आयोजित करते हैं।

## व्रत रखने वाले भक्त आज छोड़ेंगे उपवास, दिनभर भक्तिमय रहेगा वातावरण

### कुंड-तालाबों में ज्योत विसर्जन

आज बुधवार को नवरात्र पर्व की नवमी तिथि है, यह इस पर्व का अंतिम दिन भी है। आज सुबह से ही मंदिरों में मां की पूजा-अर्चना के बाद ज्योत विसर्जन का दौर शुरू हो जाएगा। पाताल भैरवी मंदिर में जहां कुंड में ज्योत विसर्जित की जाएगी। वहीं भरकापारा स्थित मां काली माता मंदिर एवं महामाया मंदिर की ज्योत का विसर्जन इंद्रा सरोवर तालाब में किया जाएगा। इसी तरह मां शीतला मंदिर में स्थापित ज्योत का विसर्जन रानीसागर तालाब में किया जाएगा।



### आज गूंजेगा जसगीत

परंपरा अनुसार आज मां की विदाई में समितियां जसगीत का गायन करेंगी। जसगीतों की गूंज और नम आंखों के साथ भक्त नवरात्र पर्व को विदाई देंगे। ज्ञात हो कि मूर्ति विसर्जन का दौर भी आज से शुरू हो जाएगा। हालांकि शहर की कुछ समितियां कल और परसों भी मूर्तियों का विसर्जन करती है।

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्हीं की कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रूप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है, तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुरों को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक है। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्रि की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती है। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।


B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड 114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि - 05/10/25

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## ऑनलाइन होगा टेंडर, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

# धीरी-अर्जुनी सहित चार घाट से रेत निकालने होगा टेंडर!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लंबे समय के बाद फिर से रेत निकालने का काम अब ठेकेदारों को दिए जाने की तैयारी कर ली गई है। प्रदेश सरकार द्वारा जारी नई पॉलिसी के तहत अब घाटों की नीलामी ऑनलाइन होगी। जिसके लिए कोई भी आवेदन कर सकता है। नीलामी नए घाटों के लिए होगी, पहले से स्वीकृत रेत घाट निर्धारित समय तक चलते रहेंगे। जबकि पिछली सरकार में ग्राम पंचायत को रेत घाट चलाने का अधिकार दिया गया था। जिसके बाद कई घाट में विवाद की स्थिति भी देखने को मिली थी, परन्तु अब ऐसा नहीं होगा। राज्य सरकार ने नई पॉलिसी 19 सितंबर को घोषित की है।

उल्लेखनीय है कि सरकार के राजस्व प्राप्त करने का बड़ा माध्यम रेत खदान रहे हैं। ऐसे में दो साल इंतजार के बाद आखिरकार प्रदेश की साय सरकार ने अपनी नई पॉलिसी जारी कर दी है। बताया जा रहा है कि इस नई पॉलिसी में कई बदलाव किए गए हैं। रेत घाटों की नीलामी के लिए आई नई पॉलिसी में इस बार सब कुछ ऑनलाइन होगा। रायल्टी पर्ची तक ठेकेदार अपने घाट में बना सकेंगे। किसी को ऑफिस आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसा माना जा रहा है कि इससे बिना रॉयल्टी के रेत बिक्री पर रोक लगेगी, ओपन ऑक्शन होने पर कोई भी आवेदन कर सकता है। प्रदेश में अभी तक मशीनों से रेत निकालने पर प्रतिबंध है। इसके बाद भी घाटों में मशीन का उपयोग किया जाता है। हालांकि नई नीति छग साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय नियम 2025 में मशीन से लोडिंग का उल्लेख नहीं है। माना जा रहा है कि पड़ोसी राज्य मप्र, बिहार, उप्र, ओडिशा में मशीन से रेत लोड करने की अनुमति दी गई है, तो पर्यावरण विभाग यहां भी अनुमति दे सकता है।



### अवैध खनन पर लगेगा रोक

ज्ञात हो कि भले ही दो साल से वैध तरीके से रेत का खनन नहीं किया जा रहा हो, लेकिन जिले में बड़ी संख्या में प्रभावी लोगों द्वारा नदियों के घाटों से अवैध रेत खनन किया गया है। राजनीतिक लोगों का संरक्षण होने एवं प्रशासन की सांठगांठ से यह पूरा खेल चलता रहा है। हालांकि अब वैध तरीके से रेत खनन की अनुमति मिलने के बाद अवैध खनन में कमी देखने को मिल सकती है।

### जिले के इन चार घाट की होगी ऑनलाइन नीलामी

मिली जानकारी के अनुसार नई पॉलिसी के तहत जिले में चार घाट की ऑनलाइन नीलामी की जाएगी। इनमें धीरी, भोथली, कोटरासरार और अर्जुनी गांव के घाट शामिल हैं। इन चारों घाट की ऑनलाइन नीलामी में कोई भी भाग ले सकेगा।

### बिना रॉयल्टी के नहीं बिकेगी रेत

पहले भी ऐसा देखा गया कि ठेका लेने के बावजूद एक ही रॉयल्टी पर्ची से कई खेप रेत निकाल ली जाती है, लेकिन नई पॉलिसी के लागू होने पर बिना रॉयल्टी या एक ही रॉयल्टी पर्ची से कई गाड़ियों को दिनभर चलाने के खेल पर शिकंजा कसा जा सकेगा। ठेकेदार को पर्यावरणीय अनुमति, डीएमएफ, रॉयल्टी सहित तमाम शुल्क पूर्व में देना होगा। सरकार ने इसके लिए बकायदा चार किस्त निर्धारित की है। पहली किस्त कुल राशि का 20 फीसदी, दूसरी और तीसरी किस्त 30-30 प्रतिशत और आखिरी किस्त 20 प्रतिशत तय की है। ठेकेदार एडवांस में रॉयल्टी जमा करेगा, इसलिए वह बिना रॉयल्टी रेत बेचेगा ही नहीं।

# मानसून समाप्तः सीजन में कोटे से 4% अधिक बारिश, तीन ब्लॉक पीछे

## आज येलो अलर्ट, अगले चार दिन बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक जून से शुरू होने वाला मानसून सीजन 30 सितंबर गुजरने के साथ ही समाप्त हो गया है। अब होने वाली बारिश मानसून कोटे में नहीं जोड़ी जाएगी, यह बारिश पोस्ट मानसून कहलाएगी। इस बार भी मानसून सामान्य रहा है। पिछले दस सालों के औसत के मुकाबले जिले में इस बार चार फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। हालांकि इसके बावजूद तीन जिले सामान्य बारिश से पिछड़ गए हैं। इधर मौसम विभाग ने अगले चार दिन तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग की तरफ से अविभाजित जिले के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिले में इस मानसून सीजन कुल 974 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं जिले के लिए बारिश का औसत आंकड़ा 930 मिमी है। ऐसे में चार फीसदी अधिक बारिश हुई है। हालांकि मानसून समाप्त होने के बाद भी बारिश की गतिविधियों में कमी आती नहीं दिखाई दे रही है। मिली जानकारी के अनुसार मानसून की विदाई में अभी लगभग दो सप्ताह का समय लग सकता है। ऐसे में दशहरा सहित आने वाले अन्य त्योहारों में भी बारिश खलल डाल सकती है। खेती करने वाले किसानों के लिए भी इस बार मानसून बेहतर रहा है। हालांकि बीच में लंबे ब्रेक के चलते फसल प्रभावित हुई, परन्तु पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश से खेती को भी राहत मिल गई है।



### बांधों में भी पर्याप्त पानी



मिली जानकारी के अनुसार इस बार सामान्य मानसून रहने का असर बांधों में भी दिखाई दिया है। जिले के सभी बांध में पर्याप्त जलभराव देखने को मिला है। आंकड़ों के अनुसार रूसे जलाशय में 96 फीसदी, ढारा में 80 फीसदी, पिपरिया, मटियामोती और मडियान जलाशय में शत-प्रतिशत, मोंगरा बैराज में 90 फीसदी, सूखनाला में 86 और घुमरिया जलाशय में 95 फीसदी जलभराव है।

### बंगाल की खाड़ी में बन रहा सिस्टम

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले चार दिन बारिश की गतिविधियां बनी रहेगी। विभाग के अनुसार आज यानि एक अक्टूबर को उत्तर बंगाल की खाड़ी और आसपास के मध्य भाग में एक लो प्रेशर एरिया बन सकता है। जिसके चलते बारिश ज्यादा होगी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की वापसी रेखा गुजरात से उत्तरप्रदेश होते हुए उत्तर भारत तक सक्रिय है। दक्षिण ओडिशा और उससे लगे छत्तीसगढ़ क्षेत्र में बना दबाव अगले 24 घंटों में कमजोर होकर निम्न दबाव क्षेत्र में परिवर्तित हो सकती है।

### इन ब्लॉक में इतनी बारिश

*सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 970 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इनमें राजनांदगांव ब्लॉक में 1295 मिमी, डोंगरगढ़ ब्लॉक में 1050 मिमी, एलबी नगर में 940 मिमी, घुमका में 797 मिमी, छुरिया में 794 मिमी, कुमरदा में 967 मिमी और डोंगरगांव में 977 मिमी बारिश हुई है। एलबी नगर, छुरिया और घुमका ब्लॉक में ही सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। बाकी ब्लॉक सामान्य से बेहतर स्थिति में है।*

# मुरमुंदा में फर्जी तरीके से खाद आहरण, लाखों का भ्रष्टाचार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के घुमका अंतर्गत आने वाले ग्राम मुरमुंदा में सहकारी समिति प्रबंधक द्वारा खाद वितरण में बड़ी गड़बड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुसार मुरमुंदा में दर्जनों किसानों के नाम पर फर्जी तरीके से खाद का आहरण कर लिया गया है। किसानों को भी इस बात की जानकारी नहीं थी, जब कुछ किसानों ने इसका विरोध किया, जब मामला प्रकाश में आया। अब इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मामले की लिखित शिकायत जिला कलेक्टर और उपायुक्त सहकारिता को की जा चुकी है। हालांकि शिकायत के बाद भी अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। वहीं गड़बड़ी करने का आरोप जिस समिति प्रबंधक पर लगा है, उसका दूसरे स्थान पर तबादला कर दिया गया है। लेकिन उसके बाद भी कर्मचारी अब तक वहीं बना हुआ है। बड़ा सवाल यह है कि इस मामले में सहकारिता उपायुक्त के समितियों से सीधे जुड़े होने के बाद भी मामले की जांच शुरू नहीं हो रही है। शिकायत में मांग की गई है कि मामाले की गंभीरता को देखते हुए सभी किसानों के खाद लेने की लिमिट की जांच जरूरी और सभी परमिट, वितरण, लेजर में किसानों के हस्ताक्षर का मिलान आवश्यक रूप से किया जाए। इसी तरह के कई किसानों के लिमिट और रकबा में छेड़छाड़ कर किसानों के फर्जी हस्ताक्षर से कूटरचित परमिटों के आड़ में खाद संकट के दौर में बड़े पैमाने पर खाद की अफरा-तफरी के बड़े मामले की आशंका है। जिसमें जांच होनी चाहिए।

### जल्दबाजी में किया वितरण

खाद की डिमांड के लिए आरओ मार्कफेड में जमा होने के बाद खाद रिलीज होकर समिति में डंप होता है, फिर कम से कम 48 घंटे बाद तीसरे दिन एक्नॉलेजमेंट नम्बर मिलता है। जिसको मशीन में एंट्री करने के बाद ही मशीन में स्टॉक दिखता है, उसी का वितरण किया जाता है। उसी एक्नॉलेजमेंट नंबर के लिए इतनी अधिक जल्दबाजी की गई कि डबल लॉक के संबंधित प्रभारी से मांगकर दूसरे दिन से कथित खाद वितरण हुआ।

### लिमिट बढ़ाकर समायोजन का प्रयास

अब तक खाद और बीज मिलाकर 74 लाख 47 हजार और नगद वितरण 2 करोड़ 90 लाख का ऋण वितरण समिति द्वारा किया गया है। बड़ी बात यह है कि पॉश मशीन में एंट्री और परमिट काटने के बाद ओवर लिमिट खाद फाइनेंस को केंद्रीय बैंक ने आपत्ति लगाकर वापस कर दिया, तब समायोजन की गरज से उन किसानों के रकबा को फर्जी तरीके से बढ़ाकर खाद की लिमिट बढ़ाकर समायोजन कर दिए जाने की शिकायत भी सामने आई है।

### रबी फसल की खाद का अभी से वितरण

सीजन में खाद वितरण की बारीकी से जांच में कई किसानों के नाम से फर्जी खाद आहरण भी सामने आ जाएंगे। सभी ऋणी किसानों की खाद वितरण कालम में एंट्री हुई है। यही कारण है कि ऋण पुस्तिका की जांच जरूरी हो गई है। रबी सीजन के खाद वितरण की पंजी में एंट्री 1 अक्टूबर के बाद शुरू होगी, लेकिन गड़बड़ी के चलते अभी से एंट्री कर दी गई है।

0 राजनांदगांव। शहर में दशहरा पर्व को लेकर आयोजन समितियों द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्रमुख रूप से शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान, स्टेट स्कूल मैदान, लखोली एवं गौरीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में रावण का पुतला निर्माण का कार्य अंतिम चरण पर है। वहीं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु मंच सहित बैठक व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है।


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365





जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्रॉली के अधिकृत विक्रेता
JOHN DEERE सिर्फ ट्रैक्टर नहीं वो भरोसा है जो पीढ़ियों तक चलता है।
सभी कम्पनियों के पुराने ट्रैक्टर टीप-टॉप कंडिशन में उपलब्ध है.
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601



AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113





## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्पर्धा में दीपक प्रथम

**तुमड़ीबोड़।** स्थानीय एरोन जेनशन मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल के



विद्यार्थी दीपक यदु, कुणाल पटेल, प्रियांजलि वैष्णव, अंजली जंघेल, सीमा देशलहरे, टेकचंद साहू, घनाक्षी वर्मा, हर्षिता साहू, पूर्वी विश्वकर्मा, आयुष साहू और शिक्षक सामंत डेविड, संचिता जैन, चंचल यादव ने आंध्रप्रदेश के पुलिवेंदुला में यूएसओ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। स्कूल के छात्र दीपक यदु ने स्पीच में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरी टीम ने डांस में द्वितीय और ड्रामा में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चे पुरस्कृत

**सुरगी।** प्राथमिक शाला बुचीभरदा में माह सितंबर में शत-प्रतिशत



उपस्थिति वाले 14 बच्चों को प्रधानपाठक राकेश सोनी ने तिलक लगाकर फूल और पेन देकर पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विघालय में ऐसे बच्चे शिक्षण कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों में कक्षा पहली की चंचल निषाद, शौर्य पटेल, दीपांशु पटेल, दूसरी की मेनका साहू, तुशिका साहू, दामिनी निषाद, भावेश, तीसरी का लक्ष्य पटेल, चौथी का भूपेश साहू, चंद्रप्रभा साहू, कक्षा पांचवी की भाविका साहू, महिमा साहू, एकता साहू, प्रियंका साहू, मिथलेश साहू शामिल है। इस अवसर पर प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विभूति ठाकुर, शिक्षक लेमत भुआर्य सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नमो मैराथन दौड़ का आयोजन

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण मंडल भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत गत दिनों नमो मैराथन दौड़ का आयोजन किया। मैराथन दौड़ की शुरूवात देवकट्टा बाजार



चौक में मंडल अध्यक्ष एवं जिला सह संयोजक ने झंडा दिखाकर किया। समापन के बाद प्रथम से दसवां स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को वाटर बाटल दिया गया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, जनपद उपाध्यक्ष हीरा वर्मा, जैनकुमार मेश्राम, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान उमेश हथेल, रवि यादव, धरमचंद वर्मा, मनीष सोनी, हेमकुमार साहू, उपकार साहू, नंदकुमार साहू, कमल किशोर साहू, रेखराज वर्मा, बलदेव सिन्हा, अनिल वर्मा, रोशन वर्मा, श्यामलाल कंवर, शैलेश महोबिया, कन्हैया वर्मा, रंजीत यादव, मूलचंद पटेल, मुकेश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### देशमुख बने शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई छुईखदान का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रांतीय निर्देशानुसार शनिवार



को खैरा नर्मदा में चुनाव सम्पन्न हुआ। प्रांतीय संयोजक मनीष मिश्रा, जिला अध्यक्ष रामलाल साहू, जिला एवं ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी दीक्षित, संतोष तोड़े, हब्बू कंवर, शिवचरण वर्मा, भीखेंद्र जंघेल की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। उमस और खराब मौसम के बावजूद छुईखदान ब्लॉक के सभी 40 संकुलों के शिक्षक, प्रधान पाठक, ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। मतदान के बाद परिणाम जानने शिक्षकों में भारी गहमागहमी रही। मतगणना उपरांत ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम देशमुख को विजयी घोषित किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने पूर्व अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव को माला पहना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि सभी के मार्गदर्शन और सुझाव से समस्याओं के निराकरण हेतु संघर्ष किया जाएगा। प्रांतीय संयोजक और जिला अध्यक्ष ने भी सभी को बधाई दी। नव निर्वाचित अध्यक्ष टीकाराम देशमुख को बीईओ रमेंद्र डडसेना, एबीईओ श्री सुधाकर, शिक्षक संघ अध्यक्ष पन्नालाल जंघेल, बलदाऊराम जंघेल, अजजा कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजीव धुर्वे, राजकुमार मसखरे, गांधीराम साहू, तोकराम सिन्हा, जीडी भारती सहित अन्य ने बधाई दी है। इस अवसर पर तारण धुर्वे, तोरण साहू, महेश वर्मा, हेमराय भारती, यशवंत महिलांगे, दौदेश्वर चंदेल, सुधीर नायक, चंद्रिका साहू, महेंद्र पाल, सीता साहू, तारिका धुर्वे, राधिका ठाकुर, अनिता मानकर, खेमिन देवांगन, इंद्राणी साहू, निर्मला ठाकुर, शेख अमीरूल, लाला मेरावी, नीलम चतुर्वेदी, सूरज निषाद, राजू मरकाम, हरख देशमुख, जेपी देशमुख, कुशाल धुव्र, यशवंत मंडावी, अवध चंदेल, उमेश कुशवाहा, गोपाल सिंह, शीतल नेताम, जगदीश देवांगन, बसंत नेताम, कीर्तन मंडावी सहित अन्य उपस्थित थे।यह जानकारी शिक्षक तुलेश्वर सेन ने दी।

## निधन



### लीला मेश्राम

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुदेश मेश्राम की माता लीला मेश्राम का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। वह नागसेन बौद्ध बिहार ट्रस्ट समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रेमलाल मेश्राम की धर्मपत्नी थी।



### श्यामसुंदर श्रीवास्तव

**डोंगरगढ़।** स्थानीय निवासी श्याम सुन्दर श्रीवास्तव का देहावसान 29 सितंबर को गया। उन अंतिम संस्कार सामाजिक सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति में हुआ। सामाजिकजनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### मानव श्रृंखला के साथ ज्योति कलशों का होगा विसर्जन

# मंत्रोच्चार के साथ मंदिरों में हवन

## सप्तसती पाठ का समापन, विसर्जन की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र के आठवे दिन मां बम्लेश्वरी सहित अन्य देवी मंदिरों में विधि विधान से अष्टमी हवन किया गया। इस धार्मिक और महत्वपूर्ण आयोजन में देशभर के देवी भक्त शामिल हुए। मां बम्लेश्वरी सहित अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए है। कलशों का विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार उपर मंदिर में काल रात्रि अभिषेक के बाद अष्टमी हवन होते ही माता का बघारा नरियल प्रसाद शुरू हुआ। नीचे मंदिर में सप्तसति पाठ की समाप्ति के साथ अष्टमी हवन की तैयारी शुरू हो गई थी। अंतिम आहुति के साथ आचार्यो द्वारा मुख्य बैगा की उपस्थिति में ज्योति विसर्जन शुरू होगा। उपर मंदिर में स्थापित 7901 ज्योति कलशों को मंत्रोच्चार के साथ शांत किया जाएगा। नीचे मंदिर के 901, शीतला मंदिर के 59 और सतबहनी छिन्न माता मस्ता के 11 ज्योति कलशों को मानव श्रृंखला के रूप में शोभायात्रा निकालकर महावीर तलाब में विसर्जित किया जाएगा।



### दाई बमलाई को किया पंचमी भेंट

पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए गोंडवाना समाज ने नवरात्र की पंचमी को हजारों लोगों की मौजूदगी में पंचमी भेंट किया। इस आयोजन में राजकुमार भवानी बहादुर सिंह, ओड़ारबांध महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम, रमेश उइके, तहसील अध्यक्ष संतोष पड़ोटी, भग्गू मंडावी, नरोत्तम कुंजाम , दानी मंडावी, प्रेमलाल मंडावी, भूषण मरकाम, मायाराम मंडलोई, मदन खुरश्याम, दशरथ नेताम, भूमका पुजारी आदि शामिल हुए। सभी ने दाई बमलाई को जगत के कल्याण के लिए सेवा अर्जी कर पंचमी भेंट समर्पित किया।

### जनप्रतिनिधियों और विदेशी भक्तों के कलश

मा बम्लेश्वरी के दरबार में देश के अलावा विदेश के भक्तों ने मनोकामना ज्योत कलश स्थापित कराया है। इस साल विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडे, सागर विधायक गोविंदसिंह राजपुत, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक रामजी भारजी, विनोद खांडेकर, धरमलाल कौशिक, पुर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक विक्रम उसंडी, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, एडीजे डमरूधर चौहान, सिडनी के पुनम रोहन चंदेल, अभिषेक कौशल, शशि कौशल आस्ट्रेलिया, परमिंदर कौर कनाडा, दादी वेंकट निलेश, मनीषा, सुमित राव युएसए, शैलजा आशुतोष अमेरिका, दिप्ती बैन पटेल यूएसए, आशीष नामदेव ऑस्ट्रेलिया, महेन्द्र प्रकाश गुप्ता यूएसए, आईपीएस विवेकानंद सिन्हा, एडीजीपी पवन देव, आईपीएस अमित कुमान, अंकिता विनोद, आशीष पटेल यूएसए, संजय नीता गुप्ता कनाडा, रितू संदीप घोटे युके, अश्वनी थावेश यूएसए, सुमन कौशल ऑस्ट्रेलिया, आर्या अकाश वर्मा कनाडा, अमरसिंह गुप्ता, अनुराग गोविल यूएसए, साहिसा विराज साहू अमेरिका, चैतन्य ललित यूएसए, वर्दान पार्थ राठौर जर्मनी, उषा मोहन विश्वश्यूएसए, वंदना उत्कर्ष युएसए, विवेक सुप्रीति, शिखर अदित्य यूएसए आदि के कलश विराजित है।

### कांग्रेस अध्यक्ष बैज पहुंचे देवी के दरबार



**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने डोंगरगढ़ पहुंचकर मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना की। उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, दलेश्वर साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, प्रदीप शर्मा, मेहुल मारु, थानेश्वर पाटिला, पंकज बांधव, विवेक वासनिक, महेंद्र यादव, शहर अध्यक्ष विजय राज चौहान, कोमल साहू, सुरेश सिन्हा, हीरा सोनी, रिंकू महोबिया, महेश सेन, टीकम सिन्हा, संदीप गहरवार, तेजलाल वर्मा, ओमप्रकाश महानदी, प्रमोद ठाकुर, के विनायक राय, कृष्ण बंटी, सुरजीतसिंह ठाकुर, चुम्मन साहू, कमलेश वर्मा, संजीव गुप्ता, सुरेश मेश्राम, हरीश भंडारी, रुपेश वर्मा, नलिनी मेश्राम, रेखा खोबरागड़े, किरण मेश्राम, अरुण ग्वाला, पंकज सोनी, तारण साहू, नितेश साहू, करण मंडावी, प्रियांशु महोबिया, रितु निर्मलकर, सारिका बडोले, निधि गजभिए, सचिन सोनकर, रानित श्रीवास्तव, भावेश साहू, राजा भाटिया, मो मोहसिन, सत्या खरे, गगन मंडावी, दक्षराज भगत, शिवम सहित अन्य उपस्थित थे।



### चिकित्सा शिविर में 12 सौ श्रद्धालुओं को राहत

**डोंगरगढ़।** बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुडको, शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी के तत्वावधान में निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीते 6 दिनों से स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा रही है। अब तक 1200 से अधिक मरीज लाभ प्राप्त कर चुके हैं। शिविर में श्रद्धालुओं की जांच कर परामर्श एवं दवाइयाँ निःशुल्क दी जा रही है। शिविर का आयोजन शंकराचार्य कॉलेज आफ नर्सिंग के निदेशक डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ. मोनिषा शर्मा के नेतृत्व में किया गया है। शिविर के आयोजन में मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सीपी मिश्रा, संजीव गोमास्ता, बबलू शांडिल्य आदि ने सक्रिय सहयोग दिया।

# चिल्ड्रन प्ले स्कूल में रामलीला का प्रदर्शन

- बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में सोमवार को संस्था प्रमुख अनिल रुपलानी के मार्गदर्शन में रामलीला तथा गरबा आधारित वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी बच्चे राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, दशरथ, कौशल्या, सुमित्रा, कैकई, श्रवण कुमार, रावण, दुर्गा, सरस्वती आदि वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती एवं गणेश की पूजा अर्चना की गई। बच्चों ने श्रवण कुमार तथा भरत की कहानी प्रस्तुत किया। स्पर्धा में



पहली के पीयूषा गौतम प्रथम, ओम साहू, अयान मेश्राम दूसरे, डिंपल सोनी तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा केजी 2 में आरव चक्रधारी, आव्या पंसारी, वान्या साहू प्रथम, अवनी वैष्णव, हिमानी महेश्वरी, सिया कुंवर दूसरे, मौली साहू, वैष्णवी साहू तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा केजी 1 में मेहुल भट्ट, तनुष गांधी प्रथम, आराध्य जैन, प्रणव ठाकुर दूसरे, कृदय देवांगन, क्रियांश देवांगन तीसरे स्थान पर रहे। नर्सरी में आदित्य गुप्ता, आदविक महेश्वरी, अभिउदय राजपूत, भावन्या देवांगन, दित्या गांधी, जयवर्धन गांधी, युवांश महेश्वरी प्रथम, रुद्र महेश्वरी दूसरे, छायांग सोनी, प्रिंस सोनी, शिवांगनी कुंवर, रिद्याश्री यादव तीसरे, कक्षा प्ले ग्रुप से आयान सोनटेके, प्रेक्षा जैन प्रथम, रोहांश साहू दूसरे, आरविक मालेकर, चेष्ठा साहू, शिवन्या राजपूत, यक्ष ढीमर, दिव्यांशी ढीमर तीसरे रहे। अंत में बच्चों और माताओं ने गरबा का आनंद लिया। संचालन करिश्मा साहू ने किया। इस दौरान शिक्षिका यशश्वी उके, प्रीति कुलदीप, कंचन त्रिपुरे, धनेश्वरी राजपूत, भूमिका राजपूत, झमित साहू मौजूद थी।

# शिविर में 69 निःशक्त लाभांवित



- सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

स्वच्छता सेवा पखवाड़ के तहत ब्लाक में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गयाा। ब्लाक मुख्यालय के मंगल भवन में आयोजित शिविर में निः शक्तजनो को समाज कल्याण विभाग ने कैलीपर्स का वितरण किया। इस दौरान शासन से मिलने वाली सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। इस शिविर में निशक्तों को जरूरत के आधार पर कैलीपर्स दिया गया। शिविर का उदघाटन नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं जनपद अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, नपं उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, विमल यादव, सैयद अजहरूद्दीन, पार्शद दिलीप कुंभकार उपस्थित थे। प्रारंभ में उपसंचालक पंचायत श्री तिवारी ने योजनाओ की जानकारी देते हुए लाभ उठाने का आहवान किया। शिविर में 69 ग्राम पंचायत से आए निः शक्तों को ट्रायसायकल, श्रवण यंत्र, वैशाखी एवं स्टीक दिया गया। इस मौके पर उपसंचालक पंचायत एवं समाज सेवा, सीएमओ विजय पांडे, लखन नुरेशिया, बसंत कुमार, पन्ना कुंजाम सहित अन्य उपस्थित थे।

# गरबा पंडाल पहुंचे सांसद संतोष पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- जनप्रतिनिधियों ने आयोजन को सराहा
- सभी वर्ग के लोग हो रहे शामिल

नगर में आयोजित तीन दिवसीय गरबा प्रतियोगिता में मंगलवार को सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। उन्होंने कलाकारों से मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर सांसद पांडे ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की जीत का त्योहार है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराएं मजबूत होती हैं। इस बीच जिला पंचायत के प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार ने गरबा पंडाल में पहुंचकर गरबा नृत्य करने वालों को बधाई दी। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष राजा गिरिराज किशोर दास को धन्यवाद ज्ञापित किया।



### गरबा में थिरकते बच्चे और युवा

गरबा पंडाल में भारी संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ रही हैं। उत्साह के साथ गरबा में बच्चे भाग ले रहे हैं। आयोजन स्थल पर रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकारों और नागरिक नृत्य के माध्यम से देवी आराधना कर रहे है। इस आयोजन में कई वार्डों और आसपास के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में प्रेम नारायण चंद्राकर, भागवतशरण सिंह, राजा गिरिराज किशोर दास, मुकेश वैष्णव, डॉ विनय गिरपुंजे, विक्रांत चंद्राकर, महेश नारकर, शैव्या वैष्णव, अनुभा जैन, किरण वैष्णव, सज्जाक खान, अनुराग सोनी, अनिमेष महोबिया, नीलेश गुप्ता, सागर महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, प्रयास जैन, दीपक देशमुख, श्रवण रजक, वैभव वैष्णव, स्वप्निल वैष्णव, वासी खान, सुरभि सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### राजेंद्र बने आम आदमी पार्टी के नांदगांव विस प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी रणनीति को धार देने के उद्देश्य से विधानसभा स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-75 का प्रभारी राजेंद्र सोनी (भाई राजा) को बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश महासचिव वृहद आलम, प्रदेश महासचिव (संगठन) उत्तम जायसवाल और प्रदेश महासचिव (संगठन) देवलाल नरेटी ने संयुक्त रूप से विधानसभा प्रभारियों की सूची जारी की। इसमें राजनांदगांव विधानसभा की जिम्मेदारी संभालने राजेंद्र सोनी का चयन किया गया। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्र के समर्थकों और शुभचिंतकों ने राजेंद्र को शुभकामनाएं दी। स्थानीय स्तर पर इसे संगठन के लिए ऊर्जा और नई दिशा देने वाला निर्णय माना जा रहा है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130





सार्वजनिक उत्सव समिति चकनार


इंदिरा आवास सड़क अतरिया


दुर्गा उत्सव समिति देहान चौक


दुर्गा उत्सव समिति नर्मदा


दुर्गा समिति कुकुरमुड़ा चौक


देहान चौक कुकुरमुड़ा


पटेल चौक चकनार


सरस्वती उत्सव समिति स्कूल चौक

## खबर संक्षेप

### स्कूली छात्रों ने निकाली नौ दुर्गा झांकी

**सड़क अतरिया।** शारदीय नवरात्रि के मौके पर पूर्व माध्यमिक शाला आमगांव घाट के नवाचारी शिक्षक देवकरण सेन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पंचमी को नौ दुर्गा झांकी शोभायात्रा निकाली जिसमे कक्षा 6 से 8 की छात्राएं माता दुर्गा के विभिन्न रूपों में नजर आई। नौ दुर्गा शोभायात्रा मिडिल स्कूल भवन से आरंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए शीतला मंदिर, दुर्गा मंदिर, दुर्गा पंडाल तक पहुंची। यहां मंदिर के पुजारी ने सभी को तिलक लगाया तथा पूजा अर्चना किया। शोभायात्रा में शामिल बच्चे जयकारा लगाते नजर आए। उक्त कार्यक्रम के पश्चात मध्यान्ह भोजन समिति के संचालाक प्रीतराम ठाकरे के द्वारा सभी बच्चों को न्यौता भोज के रूप में केला, सेब एवं भजिया खिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षको का योगदान रहा।



### महाष्टमी मनी, विसर्जन आज

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया गया। पर्व के आठवें दिन सभी देवी दरबार और प्रतिमा स्थलों में महाष्टमी मनाया गया। श्रद्धा भक्ति के साथ अनुष्ठान किया गया। नर्मदा मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट किया। नौ कन्या भोज कराया गया। कल बुधवार को पारंपरिक वाद्य यंत्रों एवं सेवा गीत के साथ शोभायात्रा निकाल कर ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा। गांव में स्थापित दुर्गा, सरस्वती प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला कल से शुरू हो जाएगा।



### डीजीपी ने सपरिवार किए मां बम्लेश्वरी के दर्शन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम अपने धर्मपत्नी श्रीमती गौतम के साथ डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर इन्होंने प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। बम्लेश्वरी ट्रस्ट परिवार ने इनका स्वागत किया। इस अवसर पर दुर्ग संभाग के आईजी अभिषेक शांडिल्य, जिला पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, पुलिस परिवार अधिकारी उपस्थित थे।



### टेड़ेसरा में मनाया गया विश्व हृदय दिवस

**राजनांदगांव।** रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेड़ेसरा राजनांदगांव प्राचार्य डॉ. अरुणा पी. मसीह तथा कमल किशोर देशमुख उप प्राचार्य के निर्देश एवं मार्गदशन में सभी शिक्षकगण एवं बीएससी नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम टेड़ेसरा में विश्व हृदय दिवस का आयोजन किया गया। जिसका थीम एक भी धड़कन ना चुके था।छात्र-छात्राओ द्वारा रैली निकाला गया तथा गांव के नागरिकों को नुक्कड़ नाटक एवं नारों द्वारा दैनिक जीवनशैली में परिवर्तन एवं खानपान पर प्रकाश डाला गया और संस्था स्तर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर के माध्यम से दैनिक जीवन में होने वाले परिवर्तन के प्रभावों को दर्शाया गया। कार्यक्रम में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



### परिक्षेत्र साहू समाज मोखला के पदाधिकारी निर्वाचित

**राजनांदगांव।** तहसील साहू संघ राजनांदगांव के अंतर्गत मोखला परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें तहसील साहू संघ राजनांदगांव से चुनाव पर्यवेक्षक चंद्रशेखर साहू, चुनाव अधिकारी तिलकराम साहू, गिरीश साहू, तेजेश्वरी साहू की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।जिसमें अध्यक्ष राहुल साहू बूचीभरदा, उपाध्यक्ष लखनलाल साहू मोखला, उपाध्यक्ष महिला गायत्री साहू आरला, संगठन सचिव त्रिलोक साहू आरला, संगठन सचिव महिला संगीता साहू मोखला द्वारा दीपक साहू जंगलेसर को कोषाध्यक्ष एवं सचिव भूपेश कुमार साहू बुचीभरदा को मनोनीत किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को रामविलास साहू, तुकजराम साहू, डॉ. हेमंत साहू, शत्रुहन साहू, हेमशंकर साहू, कौशल साहू, कुलेश्वर दास साहू आदि ने शुभकामनाएं दी।



## क्षेत्र के किसानों ने की आर्थिक सहायता की मांग

# बारिश से सोयाबीन की फसल तबाह, बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अत्यधिक बारिश ने खरीफ फसल को प्रभावित किया है। सोयाबीन की फसल के अधिक खराब होने की जानकारी है।

मंगलवार को सड़क अतरिया एवं कुकुरमुड़ा के दो दर्जन से अधिक किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं कृषि विभाग को आवेदन सौंप कर सोयाबीन फसल का निरीक्षण कर बीमा क्लेम एवं क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है।

किसानों ने बताया कि ग्राम सहित क्षेत्र में एक बड़े रकबे पर सोयाबीन का उत्पादन किया गया था।

मौके पर मोतीलाल जंघेल, विष्णु राम जंघेल, हेमंत जंघेल, विजय प्रजापति, संतोष कुमार, हरिराम, मनोज, नरोत्तम, दिनेश, प्रवीण साहू, विक्रम, संतोष, रतन, तुलसी, देवकुमार, अवध राम, जोधन, ओम प्रकाश, मुकेश, पवन, सुरेन्द्र सहित अन्य कृषक मौजूद रहे।



### खेत में रखी फसल को पहुंचा नुकसान

फसल की कटाई शुरू हो गई थी। अधिक वर्षा होने से सोयाबीन की फसल तथा कटाई के बाद खेत में रखी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। सोयाबीन के भीगने से उसमें अंकुरण आ गया है। फसल काली पड़ गई है। आवेदन लेकर पहुंचे लगभग सभी किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल का बीमा कराया है।

### सूचना टोल फ्री नंबर पर कराया दर्ज

किसानों ने बताया कि फसल क्षति होने की सूचना विभाग के टोल फ्री नम्बर पर भी दर्ज कराया है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन फसल उनकी प्रमुख आर्थिक साधन है। जिसके खराब होने से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। मंहगे दाम पर बीज खाद लेकर फसल की बोआई किए थे। जो बारिश में तबाह हो गया है। अब इस फसल से लागत तो दूर किसानों को कर्ज चुकाने की चिंता होने लगा है। किसानों ने आर्थिक सहायता पहुंचाने की मांग किया है।

# स्वस्थ नारी ही परिवार की शक्ति है : डॉ. खुटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समुदाय की देखभाल के तहत भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालय की ओर से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान आयोजन नर्सिंग कॉलेज राजनांदगांव में किया गया। कार्यकम का आयोजन 30 सितंबर को 12.30 से 1.30 बजे तक किया गया। कार्यक्रम के सह-समर्थनकर्ता डॉ. लक्की नेताम एवं डॉ. सौम्या चेलक रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेड्री रहे तथा डॉ. प्रकाश खुंटे सहायक प्राध्यापक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री रहे। कार्यक्रम में वक्ता डॉ. प्रकाश खुंटे एमडी (मेडिसिन) एवं सह-प्रधायापक मेडिसिन विभाग ने कार्यक्रम की शुरूआत करते महिलाओं को सम्मानित करते कहा कि स्वस्थ नारी ही परिवार और समाज की शक्ति है तथा इस अभियान से महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा मिलेगी। कार्यकम को आगे बढ़ाते बुनियादी जीवन समर्थन (बीएलएस) प्रशिक्षण विषय पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि बीएलएस (बेसिक लाईफ सपोर्ट) ऐसी आपातकालीन चिकित्सा पद्धति है। जिसके अंतर्गत दिल की धड़कन या सांस रूकने की स्थिति में तुरंत सीआरपी (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन), कृत्रिम सांस और प्राथमिक उपायों से व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इसकी जानकारी हर स्वास्थकर्मी और आम नागरिक के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। डॉ. खुंटे ने जानकारी देते सीपीआर का प्रदर्शन करके दिखाया। डॉ. खुंटे के निर्देशन में डॉ. सौम्या चेलक एमबीबीएस इंटर्न ने मैनिकिन पर सीपीआर का प्रदर्शन किया। जिसमें बताया गया कि अपने सीधे हाथ की हथेली से मरीज की छाती पर बीचो-बीच 30 बार दबाव डाला जाता है, फिर दो बार मुंह से मुंह सांस दी जाती है।

डॉ. देशकर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में योगनिन्द्रा सेंटर शुरूआत किया गया है। जिसमें यह प्रोजेक्ट वर्तमान में पायलट आधार पर संस्थान की नर्सिंग सिस्टर द्वारा शुरू किया गया है। आयोजन राष्ट्रीय पोषण माह और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किया गया। जिसका मुख्य संदेश रहा स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त भारत की नींव है।

### संतुलित आहार से व्यक्ति रहता है स्वस्थ्य

डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर ने दिनचर्या का प्रभाव स्वास्थ्य पर किस प्रकार होता है, इसके बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि गहरी नींद तनाव मुक्त रहने के लिए कितनी आवश्यक है, किस प्रकार संतुलित आहार लेने से व्यक्ति स्वस्थ रहता हैं। डॉ. देशकर ने बताया कि योग से शरीर और मन को संतुलित करने का सर्वोत्तम साधन है। नियमित योग से तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक शांति मिलती हैं। निंद्रा शरीर के लिए प्राकृतिक उपचार है। प्रतिदिन 7-8 घंटे की गहरी नींद से स्मरण शक्ति, ध्यान, हृदय स्वास्थ्य और हार्मोनल संतुलन सुधरता है। यदि नींद और योग दोनों को दिनचर्या में शामिल किया जाए तो जीवनशैली से जुड़ी कई बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापा को रोका जा सकता है।

## न्यू सिविल लाइन में नवरात्रि पर्व की धूम

**राजनांदगांव।** जिला जेल के सामने स्थित न्यू सिविल लाइन में इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व उल्लास और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि का यह 26वां वर्ष है। इसमें ज्यादातर शासकीय विभाग में कार्यरत कर्मचारी अधिकारी के परिवार शामिल हैं। पूरी तरह से वैदिक परंपरा का निर्वाह करते यहां 9 दिन पूजा-अर्चना की जाती है। पारंपरिक गरबा और पारिवारिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 56 भोग से महाआरती, माता की ओली भरना और सामूहिक रूप से सपत्नीक पूजा करना, समिति में कोई पदाधिकारी ना होकर हर निर्णय सामूहिक रूप से लेना, इस समिति और कालोनी की विशेषता रही है।

## सीजी कबड्डी प्रीमियर लीग टीम का ट्रायल



**राजनांदगांव।** कमला कॉलेज मैदान पर सीजी कबड्डी प्रीमियर लीग में टीम चयन के लिए ट्रायल रखा गया था। इस ट्रायल में छत्तीसगढ़ के 6 जिले एवं सीमावर्ती मध्य प्रदेश के बालाघाट, जबलपुर, सिवनी इत्यादि जिले के खिलाड़ी भाग लिए। इन सब का चयन किया गया है। लोगों को टीम की फ्रेंचाइजी अपनी पसंद से चयन कर अपनी-अपनी टीम में स्थान देंगे। छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों का आत्मबल बढ़ाना एवं उनका प्रोफेशनल खेल में हिस्सा लेने तैयार करना और खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना भी है। प्रत्येक चयनित खिलाड़ियों को 5 से 15 हजार तक की राशि निश्चित रूप से प्राप्त होगी और यदि टीमों के फ्रेंचाइजियों में खिलाड़ियों को लेकर प्रतिस्पर्धा हो तो खिलाड़ियों का प्राइस मनी बढ़ भी सकता है। पिछले वर्ष कुछ खिलाड़ियों को 50 से 75000 तक की राशि प्राप्त हुई थी। छत्तीसगढ़ को 6 सेक्टर में विभाजित किया गया है और हर सेक्टर से एक टीम तैयार होगी। राजनांदगांव भी 6 जिले और मध्यप्रदेश को मिलाकर एक सेक्टर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कबड्डी संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौधरी ने खिलाड़ियों, कोच मैनेजर और रेफरी को सफल चयन प्रतियोगिता के लिए बधाई दी। राजनांदगांव जिला कबड्डी संघ के ललित साहू, तीरथ गोस्वामी, महेश साहू, हरीश साहू, तुलसी मांडवी, लखन कुमरे ने यह चयन प्रतियोगिता को सफल बनाने में अथक प्रयास किया है।

## संस्कार सिटी स्कूल में झूमे अभिभावक और छात्र-छात्राएं



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि अवसर पर भक्ति, उल्लास और संस्कृति के अद्भुत समागम गरबा महोत्सव का साक्षी बना। इस आयोजन की शुरूआत मां अम्बे की भव्य आरती के साथ हुई। जिससे पूरे वातावरण में एक आध्यात्मिक और पवित्र ऊर्जा का संचार हो गया। आरती पश्चात विद्यालय के अभिभावकों और छात्रों ने पारंपरिक गरबा की लयबद्ध धुन पर कदम ताल करते पूरे परिसर को एक जीवंत रंगमंच में बदल दिया।

इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रेखा तिवारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा नवरात्रि पर्व हमें शक्ति, एकता और उल्लास का संदेश देता है। मां अम्बे की आरती के साथ इस उत्सव की शुरूआत करना हमारी संस्कृति के प्रति हमारी श्रद्धा को दर्शाता है। यह गरबा महोत्सव केवल नृत्य का आयोजन नहीं है, बल्कि हमारे विद्यालय परिवार-छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच के गहरे बंधन और तालमेल को दर्शाने वाला एक मंच है। उत्सव में अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव अतुल देशलहरा, प्राचार्य रेखा तिवारी, अशोक पारख और विकास जोशी शामिल थे। इस उत्साहपूर्ण शाम में प्रतिभागियों की कला और समर्पण को प्रोत्साहित करने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार भी प्रदान किए गए। जिसमें सर्वश्रेष्ठ नर्तक में वंदना राभा, खिलेन्द्र चौहान, सर्वश्रेष्ठ युगल में विक्रम सिंह एवं श्रद्धा सिंह, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा में इंदिरा दशहरिया, विशेष पुरस्कार में माही ठाकुर शामिल है।

## एनबीआईएस में कार्यक्रम का आयोजन

# फैंसी ड्रेस एवं सोलो डांस स्पर्धा में बच्चों ने किया मनमोहक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल बल्देवबाग, जयस्तंभ चौक ब्रांच एवं नीरज फाउंडेशन स्कूल द्वारा सोलो डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शनिवार एवं रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें प्री.प्रायमरी के बच्चों ने अपना-अपना परफार्मेंस दिया। जिसमें प्री-नर्सरी से केजी-2 के छात्र-छात्राओं द्वारा फैंसी ड्रेस एवं सोलो डांस प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न परिधानों सहित आकर्षक नृत्य करते नजर आए। इन बच्चों द्वारा इनके परिधानों एवं नृत्य ने पालकों एवं शिक्षकों को आकर्षित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी द्वारा किया गया। श्री बाजपेयी ने नृत्य से संबंधित विभिन्न बातों पर प्रकाश डालते कहा कि जीवन में नृत्य की उपयोगिता इसलिए है, क्योंकि नृत्य एक साधना है, नृत्य में एकाग्रता का जैसा स्थान है। वैसे ही जीवन में भी एकाग्रता का महत्व है। श्री बाजपेयी ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है।

उक्त प्रतियोगिताओं का मार्गदर्शन नीरज फाउंडेशन स्कूल की एचएम मधुजा माहेश्वरी, एनपीपीएस जयस्तंभ चौक की एचएम स्नेहा तिवारी, बल्देवबाग की एचएम वैशाली सिंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डॉयरेक्टर रेणु बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, प्राचार्य आरती पिल्लई सहित शिक्षकगण एवं स्टॉफ उपस्थित थे। शाला डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों का आभार जताया गया। उक्त जानकारी शाला प्रशासक द्वारा दी गई।

### अलग-अलग समूहों में स्पर्धा

प्रतियोगिता में कक्षावार विद्यार्थियों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई एवं उक्त डांस प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान में चयनित छात्र-छात्राओं का चयन आमंत्रित सम्मानित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## सार समाचार



**राजनांदगांव।** नवरात्रि के पावन पर्व पर शनिदेव धाम रानीसागर द्वारा त्रिवेणी परिसर में मां शक्ति की 7001 दीपों से उकेरकर एवं प्रज्जवलित कर बनाई गई विशाल आकृति।

### स्कूल प्रांगण में टीन शेड निर्माण

**राजनांदगांव।** छुरिया जनपद अंतर्गत ग्राम करमरी में हायर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में मंच के पास वर्षों से लंबित टीन शेड निर्माण की मांग को सरपंच दीनदयाल साहू (दीनू) के अथक प्रयास से विधायक निधि से टीन शेड निर्माण कार्य सफल हुआ। सरपंच दीनदयाल साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत करमरी के विकास हमारी प्राथमिकता है। जिसमें स्कूल प्रांगण के मंच में टीन शेड निर्माण के लिए हमने भरपूर प्रयास किया। जिसमें ग्राम पंचायत के सभी पंचों सहित ग्रामवासी का सहयोग मिला। स्कूल प्रांगण में टीन शेड का निर्माण कार्य होने पर स्कूल के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और ग्रामवासियों ने खुशी जताई है।



### बोदेला में पंडवानी कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव।** नवरात्रि पर्व पर ग्राम बोदेला में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में 01 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायक कृष्ण किंकर, महाभारत पंडवानी पार्टी ग्राम पांहदा कुम्हारी दुर्ग चेतनलाल देवांगन एवं साथी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख हीरामन साहू एवं झनेंद्र श्रीवास ने दी।

### पंचमी पर 56 छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से भोग अर्पित

**राजनांदगांव।** वार्ड नंबर 1 बापूटोला स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के पंचमी अवसर पर मां महाकाली का विशेष मनोरम श्रृंगार किया गया। माता को इस अवसर पर 56 प्रकार के पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर में आयोजित महाआरती के बाद जस जगराता का आयोजन किया गया। शक्तिधाम महाकाली मंदिर के प्रमुख गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष नवरात्र महोत्सव में श्रद्धालुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। मंदिर समिति के सदस्यों के साथ दर्शक भी स्वेच्छा से पकवान अर्पित करते नजर आए। मंदिर समिति के अध्यक्ष अखिलेश बंजारा ने बताया कि अष्टमी तिथि को सर्व व्याधि निवारण हेतु उड्डीस तंत्र के तहत 21 साधकों द्वारा अभिमंत्रित धूप निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही निःसंतान दंपत्तियों के लिए माता की अर्जी, श्रीफल व अभिमंत्रित औषधि भी निःशुल्क प्रदान की जाएगी।




### रोजगार के लिए शिविर 4 को

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डोंगरगढ़ में 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने वाले आवेदकों के लिए ई-पंजीयन एवं साक्षात्कार हेतु मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रशिक्षण सत्र 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो, बायोडाटा के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन अक्टूबर माह में रायपुर में आयोजित किया गया है।

### वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आज

**राजनांदगांव।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे गांधी सभा गृह राजनांदगांव में जिला स्तरीय वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सम्मान समारोह में जिले के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न सेवा क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### निकली माता रानी की चुनरी यात्रा

**राजनांदगांव।** मां जगदंब उत्सव समिति लक्ष्मीनगर द्वारा माता रानी की चुनरी यात्रा का आयोजन 26 सितंबर को किया गया। उक्त यात्रा पूर्व पार्षद गगन आईच के निवास स्थान से निकलकर सांई दर्शन नगर से होते हुए मां पाताल भैरवी मंदिर तक पहुंची थी, जहां माता रानी को सुनहरे लाल रंग की चुनरी श्रद्धाभाव के साथ अर्पित की गई। माता रानी की चुनरी यात्रा में रामकृष्ण नगर वार्ड के वासियों, शहर के गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु भागी बने। उक्त चुनरी यात्रा घुमाल, ढोल-नगाड़े और भजनों के साथ पाताल भैरवी मंदिर तक पहुंची थी। मां जगदंब उत्सव समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।



कार्यक्रम में मां जगदंब उत्सव समिति के सदस्य अभिषेक शर्मा, प्रमुख अतिथि पूर्व पार्षद गगन आईच, राजा ताम्रकार, प्रतीक वैष्णव, मिहिर ठाकुर, डोमेश साहू, स्पर्श खरे, गोपी साहू, प्रतीक मिश्रा, प्रियांश गुप्ता, नवीन सोनी, गौरव यादव, राकेश सिंह राजपूत, अनुज साहू, शिव डोंगरे, पंकज यादव, दीपक भारती, कुणाल वैष्णव, मुकेश मिश्रा, शुभम यादव, अंकित यादव, दुर्गेश साहू, भावेश, अनुराग, अनिरुद्ध आईच, दर्शन शर्मा, गौरव मरकाम, अनिकेत, दिव्यांश, विनय, राजवीर सिंह राजपूत व वार्डवासियों सहित महिलाएं, बच्चे एवं युवा शामिल रहे।

### शांतिभंग, चार पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव।** लोगों से वाद-विवाद करने वाले अनावेदकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद-विवाद की शिकायतों के आधार पर 30 सितंबर को शराब के नशे में आने-जाने वाले लोगों से वाद-विवाद करने वाले एवं आवेदक व गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांतिभंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर रोहित ठाकुर 60 साल साकिन मोतीपुर, कमलेश राजपूत 28 सला साकिन चंदन नगर मोतीपुर, सिद्धार्थ लोन्हारे 50 साल साकिन स्टेशनपारा एवं राहुल यादव 35 साल साकिन स्टेशनपारा 16 खोली को गिरफ्तार कर पृथक-पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

## माता को एक ही स्वरूप में पूजने बनवाई जाती है हू-ब-हू प्रतिमा

# छोटी काली मां के नाम से पूजा पंडाल को मिली प्रसिद्धि, 30 वर्षों से एक जैसी प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ममता नगर में रेलवे अंडरब्रिज के समीप स्थापित होने वाली मां काली की प्रतिमा हर वर्ष इस पूजा पंडाल में एक ही स्वरूप में नजर आती है। दर्शनार्थियों को ऐसा प्रतीत होता है कि हर साल एक ही प्रतिमा यहां लाकर विराजित कर दी जाती है। जबकि ऐसा नहीं है, दरअसल हर साल हू-ब-हू नजर आने वाली प्रतिमा बनवाई जाती है। जिसके पीछे यहां समिति से जुड़े लोगों का मानना है कि उन्होंने मां काली को इसी स्वरूप में अपनी आस्था का केंद्र बना लिया है। इस वजह से यहां प्रतिवर्ष पूजा पंडाल में एक ही स्वरूप में माता की प्रतिमा विराजित की जाती है।

वर्ष 1995 को ममता नगर क्षेत्र में गोपाल सिन्हा, दुबे गुरुजी, ओमप्रकाश बहकर, राजू देवांगन, प्रवीण देवांगन, बसंत देवांगन, मनोज रामटेक सहित अन्य लोगों ने यहां पर नवरात्र के अवसर पर माता की प्रतिमा स्थापित करने की योजना बनाई। इस दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किए जाने पर सभी ने सहमति दी, लेकिन शहर के गुड़ाखू लाइन हमालपारा में मां काली की प्रतिमा के प्रति समिति के लोगों का आकर्षण उन्हें यहां मां काली की प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद समिति के लोगों ने यहां मां काली की प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरू कर दिया।



### दर्शन के लिए पहुंचते थे श्रद्धालु

हमालपारा की कालीमाई और ममता नगर की कालीमाई शहर में उस दौर में चर्चा का विषय भी बन गई। लोग इन दोनों कालीमाई के एक जैसे दिखने को लेकर कौतूहलवश दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते थे। मां कालिका उत्सव समिति ममता नगर में 25 वर्ष तक एक जगह ही प्रतिमा बनाई गई। इसके बाद मूर्तिकार के देवहासन पश्चात अब यहां विराजित होने वाली प्रतिमा मोतीपुर क्षेत्र के मूर्तिकार देवा रंगारी द्वारा बनाई जाती है।

### एक ही स्वरूप में स्थापित

वर्तमान में मां कालिका उत्सव समिति ममता नगर से जुड़े वीरेंद्र साहू, हिरेन्द्र देवांगन, राजकुमार सिन्हा, संजय सिंह, राकेश सुमन, विश्वनाथ देवांगन सहित समिति के अन्य लोगों ने बताया कि वर्ष 1995 में वार्ड की सुख-समृद्धि और शांति के उद्देश्य को लेकर यहां पर मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई थी, तब से लेकर अब तक यहां मां काली की प्रतिमा एक ही स्वरूप में स्थापित की जा रही है।

### मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना

ममता नगर के इस पूजा पंडाल में मनोकामना ज्योति कलश भी स्थापित की जाती है। यहां महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु प्रतिवर्ष अपनी मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित करवाते हैं। यहां इस वर्ष 40 ज्योति कलश स्थापित की गई है। वही यहां माता का जगराता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेवा भजन का आयोजन भी प्रतिवर्ष किया जाता है। वहीं अष्टमी पर हवन यज्ञ के साथ कन्या भोज और भंडारे का आयोजन भी होता है।

### शहर में एक जैसी दो प्रतिमा

शहर के प्रसिद्ध मूर्तिकार वासुदेव कालेश्वर द्वारा ममता नगर में विराजित होने वाली मां काली की प्रतिमा बनाई जाने लगी। उनके द्वारा गुड़ाखू लाइन हमालपारा के लिए भी मां काली की प्रतिमा बनाई जाती थी। दोनों प्रतिमा एक जैसी ही होती थी। बस प्रतिमा के आकार में फर्क रखा गया। ममता नगर की यहां कालीमाई की प्रतिमा चोटी बनाई गई। जिसकी वजह से ममता नगर में विराजित होने वाली इस काली माता को छोटी काली माई के नाम से प्रसिद्धि मिल गई।

## आजाद चौक के दुर्गा पंडाल में हर वर्ष होती है आकर्षक सजावट

शहर के आजाद चौक में वर्ष 1989 से आदि शक्ति मां अंबे की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। यहां प्रतिवर्ष पूजा पंडाल को भव्यता के साथ सजाया जाता है। यहां पंडाल में आकर्षक सजावट करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। वहीं इस पूजा पंडाल में शेर पर सवार मां शक्ति की एक जैसी प्रतिमा ही स्थापित की जाती है। मां वैष्णों देवी दुर्गा उत्सव समिति के इस पूजा पंडाल में मां अंबे की प्रतिमा स्थापना के लिए दुर्गा शरण गुप्ता, देवी शरण खंडेलवाल, नंदकुमार अग्रवाल और अन्य लोगों ने शुरूआत की, जो निरंतर 36 वर्षों से चल रहा है। पंडाल की विशेष सजावट को लेकर खास ध्यान दिया जाता है। जिसमें वर्तमान में समिति के सदस्य मयंक गुप्ता, प्रतिक पवार, स्वप्निल गुप्ता, करण अग्रवाल सहित अन्य जुटे रहते हैं।



### आस्था से हुई स्थापना

आजाद चौक में मां अंबे की प्रतिमा स्थापना को लेकर समिति के पदाधिकारी नंदकुमार अग्रवाल ने बताया कि शुरूआत के दौर में ही दो-चार लोग समिति में थे। सभी में मां शक्ति के प्रति गहरी आस्था रही। इस वजह से यहां प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि पूजा-अर्चना करने के लिए पिछले 25 वर्षों से डोंगरगढ़ क्षेत्र के दूरस्थ गांव से दुर्जन पटेल यहां आकर रहते हैं। वहीं प्रतिदिन सेवा भजन के लिए भी विशेष मंडली आती है।

### पंडाल में विभिन्न आयोजन

आजाद चौक के इस पूजा पंडाल में माता की प्रतिमा अष्टभुजाओं के साथ शेर पर सवार बनाई जाती है। समिति की कोशिश रहती है कि प्रतिवर्ष माता की प्रतिमा एक जैसी ही बने। समिति द्वारा प्रतिमा के फिनिशिंग पर काफी ध्यान दिया जाता है। वहीं यहां प्रतिदिन माता के सेवा भजन के साथ माता का जगराता, भंडारा प्रसादी जैसे आयोजन किए जाते हैं।

### खैरागढ़ से बनवाई जाती है प्रतिमा

मां जगदंबे की प्रतिमा स्थापना के लिए इस पूजा पंडाल में पहले दुर्ग जिले के थनौद से प्रतिमा मंगवाई जाती थी। इसके बाद खैरागढ़ से प्रतिमा बनवानी शुरू की गई, जो बीते कई वर्षों से जारी है। वर्तमान में भी खैरागढ़ के मूर्तिकार कलीराम द्वारा प्रतिमा का निर्माण किया गया है।

## मां शारदा युवा मंच ने भजन संध्या का आयोजन



बसंतपुर वार्ड क्रमांक 46 स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में 28 सितंबर की रात्रि मां शारदा युवा मंच द्वारा नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजक सुनील सेन एवं मंच के युवा साथियों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पवन डागा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद जैनम बैद, पार्षद राजेश यादव, पार्षद शेखर यादव, बिट्टू गुप्ता, भरत साहू, गोलू गुप्ता, केजूराम ठाकुर, बलिराम यादव, पुनाराम यादव समेत वार्ड के प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भजन संध्या में संस्कारधानी के ख्यातिप्राप्त कलाकारों सनी गजभीम, शुभम यादव एवं कृति बख्शी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत, जसगीत, हिंदी व छत्तीसगढ़ी धार्मिक गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया और श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने किया।

## आईएएस जितेंद्र यादव होंगे नांदगांव कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर नरेन्द्र सर्वेश्वर भुरे को मुंबई में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर ज्वॉइंट टेक्सटाइल कमिश्नर के पद पर नियुक्त किए जाने के चलते राज्य शासन ने रायगढ़ में जिला पंचायत सीईओ के पद पर पदस्थ 2019 बैच के आईएएस जितेंद्र यादव को राजनांदगांव का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

राज्य शासन द्वारा मंगलवार की शाम आदेश जारी किए जाने के बाद ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नए कलेक्टर यादव एक-दो दिनों के भीतर यहां अपनी ज्वाईनिंग दे देंगे। उल्लेखनीय है कि नए कलेक्टर यादव मूल रूप से हरियाणा के रेवाड़ी जिले के रहने वाले हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने यूपीएससी परीक्षा दी। शुरूआत में आईपीएस के लिए चुने जाने के बाद उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान आईएएस बनने का एक और प्रयास किया। अपने तीसरे प्रयास में यूपीएससी 2018 में 403वीं रैंक के साथ आईएएस के लिए चुने गए।

### पीएम आवास में मिली सराहना

आईएएस जितेन्द्र यादव की पहली पोस्टिंग अपर कलेक्टर के रूप में दुर्ग जिले में हुई थी। इसके बाद वे कांकरे जिले के भानुप्रतापपुर में एसडीएम के पद पर पदस्थ रहे। यहां उन्होंने कोविड के दौरान वैक्सीनेशन में अच्छा काम किया। कांकेर के बाद वे जशपुर के सीईओ नियुक्त किए गए। यहां भी नरेगा और शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने पहचान बनाई। रायगढ़ जिले में जिला पंचायत सीईओ रहते उन्होंने पीएम आवास में अच्छी खासी मेहनत की। जिसके कारण रायगढ़ जिला प्रधानमंत्री आवास योजना में टॉप-5 जिलों में से एक है।

## महतारी एक्सप्रेस में अवैध शराब का परिवहन, वाहन चालक बर्खास्त

- महाराष्ट्र की शराब का अवैध रूप से परिवहन के मामले में पुलिस ने की थी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा योजना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के वाहन क्रमांक सीजी 07-सीपी 3015 सर्विस प्रोवाईडर साईराम टेक्नो मैनेजमेंट के वाहन चालक राहुल साहू द्वारा शराब का अवैध परिवहन करते पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

इस 102 महतारी एक्सप्रेस का साईराम टेक्नो मैनेजमेंट द्वारा राज्य कार्यालय से एमयू जारी कर संचालित किया जाता है, जहां राज्य के कॉल सेंटर से कॉल आने पर आईडी जनरेट कर संबंधित वाहन चालक द्वारा अपना कार्य संपादित किया जाता है, किन्तु वाहन चालक को राज्य कार्यालय के कॉल सेंटर से किसी भी प्रकार का कोई आदेश नहीं प्राप्त हुआ था। इसके बावजूद वाहन चालक द्वारा शराब का परिवहन किया गया।

जिस पर पुलिस द्वारा वाहन चालक पर एफआईआर दर्ज करते जेल दाखिला किया गया। स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिलने पर इस संबंध में राज्य कार्यालय को पत्र जारी कर संबंधित वाहन चालक को सेवा से बर्खास्त किया गया एवं जिला समन्वयक 102 महतारी सेवा एक्सप्रेस रजनीश श्रीवास्तव को स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

## ज्वेलर्स दुकान में चोरी, दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गुडाखू लाइन स्थित वस्त्रालय एवं ज्वेलर्स दुकान में हुए चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में दूसरे आरोपी को भी पकड़कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 सितंबर को प्रार्थिया सपना गोलछा 53 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 सितंबर के 8 बजे से 26 सितंबर के साढे 10 बजे के मध्य इसकी गुड़ाखू लाइन स्थित गोलछा वस्त्रालय एवं ज्वेलर्स दुकान राजनांदगांव में रखे चांदी के विभिन्न प्रकार के आभूषण कीमती 1,50,000 रुपए सहित नगदी रकम 15,000 रुपए जुमला कीमती 1,65,000 रुपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा

इस दौरान एक आरोपी गणेश राजपूत 36 वर्ष साकिन कृष्णा टॉकिज के पास सिनेमा लाइन को 27 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। दूसरा आरोपी राजेन्द्र राजपूत 29 साल साकिन ब्राम्हणपारा घटना बाद से भाग गया था। जिसका पता तलाश कर 30 सितंबर को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी गणेश राजपूत के साथ चोरी करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से चोरी गया चांदी की दो चाबी गुच्छा, दो सिक्के, एक जोड़ी पायल एवं नगदी रकम 13,000 रुपए बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया।

## चाकू लहराकर डराया आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




चाकू लेकर आम लोगों को डराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 29 सितंबर को थाना खैरागढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति तुरकारीपारा के पास चाकू लेकर आमजन को भयभीत कर रहा है एवं डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है।

### पुलिस ने की कार्रवाई

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची तथा घेराबंदी कर आरोपी को चाकू सहित रंगे हाथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भोजराज पटेल उर्फ भोला 20 वर्ष निवासी वार्ड नं. 8 तुरकारीपारा बताया। आरोपी हथियार रखने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के विरुद्ध थाना खैरागढ़ में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। आरोपी को न्यायालय खैरागढ़ के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति नंदई चौक में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गायक उर्वशी साहू और उपासना वैष्णव द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के पदाधिकारी और वार्ड के पार्षद अरुण साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम माया के संदेश का आयोजन 1 अक्टूबर की रात्रि 9 बजे से किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### महाअष्टमी पर्व पर कन्या भोज कराया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, बसनी, धनेली, भगतपुर, मोहतरा कला, कंझेटा, पेंड्रीकला, घोरपेंड्री, दामापुर, कुण्डा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि के आठवां दिन महा अष्टमी पर मां महागौरी स्वरूप माता रानी की विधि विधान से पूजा-अर्चना किया गया। मान्यता है इनकी पूजा से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं साथ ही साथ नौ कन्याओं को कन्या कुंवारी भोजन कराया गया ऐसा करने से धन-समृद्धि की प्राप्ति के योग बनते हैं। मिली जानकारी के अनुसार मां दुर्गा महा अष्टमी व्रत कथा के अनुसार देवी सती ने पार्वती रूप में भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। एक बार भगवान भोलेनाथ ने पार्वती को देखकर कुछ कह दिया, जिससे देवी का मन आहत हो गया और पार्वती तपस्या में लीन हो गई। इस प्रकार वर्षो तक कठोर तपस्या करने के बाद जब पार्वती नहीं आई तो उनको खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुंचे। वहां पहुंचकर मां पार्वती को देखकर भगवान शिव आश्चर्यचकित रह गए। पार्वती का रंग अत्यंत ओझ पूर्ण था, उनकी छटा चांदनी के समान श्वेत, कुंध के फूल के समान धवल दिखाई पड़ रही थी, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान दिया। दूसरी कथा के अनुसार भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए देवी ने कठोर तपस्या की थी, जिससे उनका शरीर काला पड़ गया। देवी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान उन्हें स्वीकार कर लेते हैं और शिव उनके शरीर को गंगाजल से धोते हैं तब देवी अत्यंत गौर वर्ण की हो जाती हैं और तभी से इनका नाम गौरी पड़ा था। महागौरी रूप में देवी करुनामय स्नेहमय शांत और मृदंग दिखती है। देवी के इस रूप की प्रार्थना करते हेतु देव और ऋषिगण कहते हैं, सर्वमंगल मांगलये शिवे सर्वाध्य साधिके शरन्य अम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते।

### मां दुर्गा दरबार में रंगोली सजाकर अक्षर-अक्षर का दे रहे हैं श्रद्धालु और भक्तजनों को ज्ञान का संदेश



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी में श्रद्धालु भक्तों ने दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गा उत्सव पर्व को धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है, प्रतिदिन माता रानी की भक्ति भाव से आराधना की जा रही है और महा आरती में शामिल करे आर्शीवाद प्राप्त कर रहे है। वहीं माता की मूर्तियों की भव्य एवं आकर्षक से साज सज्जा से सजाया गया जो आर्कषण का केन्द्र बना हुआ है। वही मां दुर्गा के पंडाल दरबार पर स्कूली बच्चों ने रंगोली बनाकर अक्षर-अक्षर का ज्ञान का संदेश दे रहे हैं, ताकि गांव के लोगों को अक्षर ज्ञान हो सके। बताया जाता है कि नवरात्रि पर्व दुर्गा मां के दरबार आस्था, भक्ति का अद्भुत संगम माना जाता है, जिसे लेकर ग्रामीण श्रद्धालु भक्तों ने मनोकामना के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। आस्था और उत्सव समाज की एकता का प्रतीक है, नवरात्रि की आयोजन केवल धार्मिक स्वरूप तक सीमित नहीं है। बल्कि समाज की एकता का प्रतीक भी है सभी वर्ग और समुदाय के लोग मिलकर माता के दरबार में सेवा कर रहे हैं, इस वातावरण ने यह संदेश दिया की शक्ति की उपासना हमें जोड़ती है, विभाजित नहीं करती साथ ही साथ नवरात्रि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भागबाली चौहान, गुहराराम यादव, सरस्वती चौहान, राजेश साहू, सुंदर साहू तथा छात्र-छात्राएं थें।

### प्रधान पाठक एलवीना विलसन ने बच्चों के लिए कबाड़ से बनवाया टेबल



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में कबाड़ से जुगाड कर नवाचार का प्रयोग करके बच्चों के लिए पढ़ने के लिए प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन ने टेबल का निर्माण कराया गया है, जिससे बच्चों के पढ़ाई में रोचकता उत्पन्न होगी और पियर लर्निंग से संज्ञानात्मक विकास होगा। इस प्रकार के नवाचार से रचनात्मक, विज्ञान और तकनीकी शिक्षा में का समझ विकसित होगा, बच्चे समूह में बेहतर सीखेंगे और समस्या समाधान ग्रुप से सीखेंगे। जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल ने कबाड़ से जुगाड का अवलोकन किए और इस कार्य के लिए प्रधान पाठिका एलवीना विलसन को प्रोत्साहित किए। वहीं पदाधिकारियों व शिक्षकों का बच्चों द्वारा पुष्प गुच्छ, तिलक लगाकर स्वागत किया गया, उपस्थित शिक्षकों एवं पालकों का बच्चों द्वारा स्वागत किया गया। बीईओ द्वारा बच्चों को नवोदय विद्यालय में चयन परीक्षा के लिए गणित की मूलभूत अवधारणा गुणा, भाग की सांक्रियाएं को समझाए, इससे सम्बन्धित सवाल भी पूछे जिसमें अधिकाशं बच्चों का जवाब सही पाया गया। साथ ही साथ एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। संकुल समन्वयक राम सिंह साहू, किरण मिश्रा, प्रधान पाठक कपूर चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू, नंदकिशोर साहू, महारानी साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, रोहित साहू, नंदकुमार यादव, एसएमसी अध्यक्ष दुखिया साहू, अयोध्या साहू उपस्थित थे।

### नवरात्रि पर्व पर कन्या पूजन का भव्य आयोजन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश से गूंजा कवर्धा

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सपत्नीक कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज का किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा**

नवरात्रि पर्व की पावन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कन्या पूजन एवं कन्या भोज का भव्य आयोजन कवर्धा में किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सम्मान की भावना को सशक्त बनाना और शिक्षा व सशक्तिकरण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सपत्नीक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा के साथ नवरात्रि की परंपरा अनुसार कन्याओं के चरण धोकर उनका पूजन किया, चुनरी, कुमकुम, चंदन, फूल-माला एवं श्रृंगार सामग्री अर्पित की। इसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर कन्या भोज का विधिवत शुभारंभ किया गया। श्री शर्मा एवं उनकी पत्नी ने कन्याओं को स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसा, जिससे आयोजन का माहौल भक्तिभाव और मातृत्व स्नेह से भर गया। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती गणपत सुषमा बघेल, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने देवी स्वरूपा बालिकाओं का चरण स्पर्श कर पूजन किया और उन्हें मां नवदुर्गा के प्रतीक रूप में सम्मानित किया। पूरा सभागार मां आदिशक्ति स्वरूपा कन्याओं के जयकारों और धार्मिक गीतों से गूंज उठा। कन्याओं ने भी प्रसन्न होकर सभी अतिथियों का आर्शीवाद स्वीकार किया। वातावरण में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

#### समाज व राष्ट्र का विकास तभी संभव है जब बेटियां सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। समाज और राष्ट्र का विकास तभी संभव है जब बेटियां सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। बेटियां केवल घर की नहीं, बल्कि देश की ताकत हैं। उनके सम्मान और सुरक्षा के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और समाज के प्रत्येक वर्ग से अपेक्षा है कि वह इस अभियान को व्यक्तिगत दायित्व के रूप में अपनाए। कन्या पूजन कार्यक्रम में जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी-कर्मचारी, मिशन वात्सल्य, सखी वन स्टॉप सेंटर की टीम, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार तिवारी की विशेष भूमिका रही। विभागीय कर्मचारियों और आंगनबाड़ी बहनों ने सजावट से लेकर कन्या पूजन तक की व्यवस्था को अत्यंत सौंदर्यपूर्ण ढंग से संपन्न किया। आयोजन के समापन पर सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ाते हैं बल्कि नई पीढ़ी में नारी सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश भी दृढ़ता से स्थापित करते हैं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर कबीरधाम में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं सच्चे अर्थो में ईश्वर का वास होता है।

## जिले में आदि कर्मयोगी अभियान से बनेगा ग्राम विजन प्लान-2030 कलेक्टर ने कुकदूर के ग्रामीणों के साथ बैठकर की चर्चा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा**

अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुंचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम विजन योजना-2030 ग्रामवासियों और सरकार के सहयोग से तैयार की जा रही है, ताकि गांवों को सर्वांगीण रूप से विकसित किया जा सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पंडरिया विकासखंड के सुंदर वनांचल क्षेत्र के ग्राम कुकदूर पहुंचकर चौपाल में ग्रामीणों के साथ जमीन में बैठकर विकास की रूपरेखा पर चर्चा की। कलेक्टर ने ग्रामीण जनों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों और महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को स्थानीय स्तर पर योजना निर्माण के महत्व को समझाया। उन्होंने ग्राम में उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और लोगों को बताया कि इन संसाधनों का उपयोग कर गांवों का समग्र विकास और सशक्तिकरण कैसे किया जा सकता है। इसके साथ ही चौपाल में उपस्थित लोगों से गांव की समस्याओं के बारे जानकारी ली गई और उन्हें दूर करने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विजन 2030 के तहत गांवों को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यापक योजना तैयार की जा रही है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, आजीविका और परंपराओं के संरक्षण जैसे कार्य शामिल किए जाएंगे।

#### ग्रामवासियों की भागीदारी से तैयार होगी समावेशी विकास योजना

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि गांव की जरूरतें अब गांव वाले ही तय करेंगे और उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यो को विजन 2030 में शामिल किया जाएगा। इस दौरान गांव की समस्याओं एवं आवश्यकताओं जैसे स्वच्छ पेयजल, पक्की सड़क निर्माण, प्राथमिक विद्यालय की उचित व्यवस्था, 24 घंटे डॉक्टर की उपलब्धता, महतारी सदन निर्माण, सामुदायिक वन संसाधन पत्र, नदी में पुल निर्माण, 24 घंटे बिजली और नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग प्रस्तुत की। इन सभी मांगों पर कलेक्टर द्वारा तत्काल कार्यवाही के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास लक्ष्मी पटेल, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन विभाग के रेंजर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, तथा अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

#### जिले के 275 गांव होंगे विलेज विजन-2030 अभियान से लाभान्वित

कलेक्टर ने कहा कि गांव के विकास के लिए जो भी निर्माण और संसाधन आवश्यक हैं, उन्हें ग्राम विजन योजना में सम्मिलित किया जाएगा। यह योजना पूरी तरह से सह निर्माण, समावेशी सोच और स्थानीय सहभागिता पर आधारित होगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी को प्रशिक्षण दिया गया है। इनके माध्यम से गांव-गांव में बैठकों और चर्चाओं द्वारा अगले पांच वर्षों की ग्राम विजन-2030 योजना तैयार की जा रही है। इस अभियान में कुल 17 मंत्रालयों की 25 गतिविधियों को जोड़ा गया है। जिले के 275 गांव इसमें शामिल किए गए हैं, जिनमें बोड़ला के 226, पंडरिया के 41, सहसपुर-लोहारा के 7 और कवर्धा ब्लॉक का 1 ग्राम शामिल है। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि इस अभियान से गांवों में न केवल आधारभूत सुविधाओं का विकास होगा बल्कि जनजातीय समुदाय की परंपराओं और ज्ञान को भी संरक्षित करते हुए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### महा अष्टमी में मा शीतला मंदिर में हवन-पूजन



**हरिभूमि पोंड़ी।** शारदीय नवरात्रि के अष्टमी के अवसर पर मंगलवार के दिन पोंड़ी के हृदय स्थल में विराजित नगर की इष्ट देवी मां शीतला माता मंदिर में हवन पूजन विधि विधान से संपन्न किया गया। अष्टमी के दिन सुबह से ही मां शीतला मंदिर में श्रद्धालुओ का तांता माता के दर्शन के लिए देर-रात तक लगा रहा। अष्टमी के दिन मां माता शीतला को नए वस्त्रों से सुशोभित किया गया। जिसमे माता शीतला का स्वरूप और भी अत्यधिक सुंदर देखते बन रहा था। वहीं मनोकामना पूर्ण करने के लिए 131 ज्योति कलश स्थापित किए गए है। जिसमे प्रमुख रूप से दो ज्योति कलश घी से प्रज्वलित किया गया है। बताया जाता है कि नगर के इष्ट देवी-मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना करवाने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। ऐसे आस्था के साथ लोगो ने ज्योति कलश स्थापित करवाए है। वहीं शारदीय नवरात्रि में दूरदराज से श्रद्धालुओ द्वारा ज्योति कलश स्थापित करवाया है। वही दशहरा के दिन ज्योति कलश विसर्जित किया जाएगा। वहीं सार्वजनिक दुर्गोत्सव एवं दशहरा समिति के अध्यक्ष जयराम साहू ने बताया कि 02 अक्टूबर गुरुवार को दशहरा के दिन रात्रिकालीन रंग छत्तीसा की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि लोकगायक पूनम विराट और दिव्या तिवारी द्वारा रात्रि 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### नितेश ने सेवा पखवाड़ा के तहत राजानांवागांव स्कूल में किया पौधारोपण



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रविवार को राजानांवागांव हॉयर सेकेण्डरी स्कूल परिषर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष नीतेश अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन के स्रोत नहीं हैं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और भावनात्मक धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना केवल पर्यावरण का कार्य नहीं, बल्कि यह एक पवित्र जिम्मेदारी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल उसी समर्पण से करनी चाहिए जैसे अपनी संतान की करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आरंभ किया गया सेवा पखवाड़ा अभियान जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाज कल्याण की दिशा में सार्थक कदम है। इस अभियान के माध्यम से देशभर में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पौधरोपण और जन-जागरूकता जैसे कार्यों को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। विद्यालय परिषर में छात्र छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं और कार्यकर्ताओं ने मिलकर विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधरोपण किया।

## पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का ओजस्वी व्याख्यान राष्ट्र चेतना, सनातन संस्कृति पर किया संबोधन

■ उन्होने आत्ममंथन, जागरूकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के पथ पर चलने का आह्वान किया।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा**

पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राष्ट्रवादी विचारक एवं प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने एक दिवसीय व्याख्यान के माध्यम से राष्ट्र चेतना, सांस्कृतिक जागरूकता और सनातन मूल्यों को लेकर युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही, जिनमें युवा वर्ग के साथ-साथ स्थानीय नागरिक, बुद्धिजीवी, शिक्षाविद और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्र निर्माण से जुड़े सांस्कृतिक मूल्यों को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया था।

व्याख्यान के दौरान पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने अपने ओजस्वी और तथ्यपूर्ण वक्तव्य से उपस्थित जनसमूह को न केवल प्रेरित किया, बल्कि भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, हिंदू सभ्यता




की व्यापकता और राष्ट्र की अखंडता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज आवश्यकता है कि संत, कथावाचक और धार्मिक प्रवक्ता भगवानों की सम्पूर्ण जीवनी को सत्य के साथ जनमानस तक पहुंचाए। भगवान श्रीकृष्ण को केवल माखनचोर के रूप में दिखाना उनकी बहुआयामी भूमिका को सीमित करना है। उनके जीवन का योद्धा स्वरूप, धर्म की रक्षा के लिए अर्जुन को दिया गया उपदेश और द्रौपदी की लाज रक्षा जैसे प्रसंग युवाओं को प्रेरणा देने वाले हैं।

इसी प्रकार भगवान श्रीराम के विषय में बोलते हुए उन्होंने कहा कि वे सदैव धनुष-बाण के साथ चलते थे, जो यह दर्शाता है कि सज्जनों को भी सजग और सशक्त रहना चाहिए। कुलश्रेष्ठ ने श्रोताओं को संदेश दिया कि हिंदू समाज को शास्त्र और शस्त्र दोनों को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है, ताकि सनातन धर्म की रक्षा और राष्ट्र की अखंडता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रप्रेम केवल भावना नहीं, एक सक्रिय उत्तरदायित्व है, जिसे हर नागरिक को निभाना चाहिए। युवाओं से विशेष रूप से अपील करते हुए उन्होंने उन्हें आत्ममंथन, जागरूकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के पथ पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम आयोजक सनातन संस्कार समिति के आयोजकों ने पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ को भगवान भोरमदेव की प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### सनातन की गूंज थीम पर महिला संस्कृति ग्रुप व प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

## तीन दिवसीय संस्कृति महिला ग्रुप का गरबा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया**



संस्कृति महिला ग्रुप पंडरिया का एक मात्र ऐसा ग्रुप है जो कि अपने-अपने धार्मिक, सा मा जि क आयोजन से पूरे जिले में प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका। गरबा संस्कृति महिला ग्रुप पिछले पांच वर्षो से भव्य गरबा का आयोजन करते आ रहा है। प्रतिवर्ष इनकी भव्यता बढ़ती जा रही है, इस वर्ष भी 200 प्रतिभागियों ने एक साथ कोरियोग्राफर के साथ मिलकर भक्तिमय गानों में गरबा किया, इस बार गरबा का थीम सनातन की गूंज। जिसमे प्रथम दिवस खाटू श्याम का दरबार लगाकर उनकी



आराधना की गई, जिसमें प्रथम दिवस उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा माता रानी को चुनरी चढ़ाकर और महाआरती करके गरबा का शुभारंभ किया गया।

द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि नगर के गणमान्य नागरिक और व्यापारी जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल होता हैं। तृतीय दिवस सप्तमी तिथि को तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, समाज सेवी सुरेंद्र छाबड़ा, उपस्थिति थें। विधायक धरमजीत सिंह ने पंडरिया नगर में इस विशाल गरबा महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां जो पारंपरिक गरबा का आयोजन किया गया, नगर का सबसे बड़ा आयोजन है, इसके लिए उन्होंने ग्रुप की महिलाओं की प्रशंसा कर और हर क्षेत्रों में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्कृति महिला ग्रुप की भाजपा मंडल द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया। पंचमी से सप्तमी तक आयोजित इस कार्यक्रम में थीम के अनुसार प्रथम दिवस खाटू श्याम की आराधना, द्वितीय दिवस राधा कृष्ण रास और तृतीय दिवस आद्य शक्ति की आराधना की गई। वहीं अंतिम दिवस में विधायक धरमजीत सिंह द्वारा आरती कर गरबा महोत्सव का समापन किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस गरबा कार्यक्रम में गरबा क्वीन छाया दाहिर और गरबा प्रिंसेस आद्य बारगाह, चौकड़ी छकड़ों, को पुरस्कार किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिस पर अध्यक्ष और संयोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**पूजा अर्चना:** महाअष्टमी के हवन पूजन में शामिल हुए हजारों भक्तगण

# महाअष्टमी पर मंदिरों व दुर्गा पंडालों में लगा भक्तों का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आदि शक्ति की श्रद्धा-भक्ति के पर्व नवरात्र के मौके पर महाअष्टमी के रोज मंदिर एवं दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। दिनभर चलते इस अनुष्ठान के चलते समूचा नगर हवन की पावन खुशबू से दमकता रहा।

उल्लेखनीय है कि कवर्धा नगर सहित समूचे नगर में शारदेय नवरात्र का महापर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ माना जा रहा है। स्थानीय शक्ति पीठों में जहां श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित कराए गए मनोकामना ज्योतिकलश जगमगा रहे हैं वहीं दुर्गा पण्डालों में मां जगत जननी के विभिन्न रूप रंग की प्रतिमाएं सुशोभित हैं। जिनके दर्शनों को हर रोज सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को महाअष्टमी के मौके पर देवी मंदिरों व दुर्गा पण्डालों में भव्य हवन पूजन का आयोजन किया गया। महाअष्टमी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने स्नान, ध्यान कर मंदिरों तथा अपने घरों में पूजा अर्चना की। वहीं पूरी तैयारी होने के बाद मंदिरों तथा दुर्गा पण्डालों में भी मंत्रोंच्चार के बीच सैकड़ों हांथों ने हवन कुण्ड में आहुति डाली और समूचा अंचल हवन की पावन खुशबू से महमहाता रहा।



### निभाई गई कन्या पूजा की परम्परा



हवन पश्चात मंदिर परिसर, दुर्गा पण्डालों तथा श्रद्धालुओं के घरों में कन्या पूजन तथा कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। नवरात्रि में कन्या पूजन का अपना एक विशेष महत्व होता है। जिसके चलते अष्टमी तिथि में कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर कन्या भोज एवं कन्या पूजन कराया जाता है। इसी मान्यता के तहत हवन संपन्न होने के बाद मंदिर व दुर्गा पण्डालों में कन्या भोज कराया गया। कुल मिलाकर महाअष्टमी पर श्रद्धालु दिनभर आदिशक्ति की भक्ति में डूबे रहे।

### मंदिरों में उमड़ी श्रृद्धालुओं की भारी भीड़

महाअष्टमी के मौके पर नगर के शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। खास कर मां विंध्यवासनी मंदिर, मां काली मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोषी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा की थाल लेकर पहुंचने लगे थे। जहां उन्होंने मां जगत जननी की विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा उनसे अपने अपने परिवार के लिए सुख, समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मंदिरों के सामने रहा मेला सा माहोल

नगर के देवी मंदिरों के सामने महाअष्टमी के मौके पर मेला सा माहौल देखने को मिला। एक तो श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और उस पर मंदिरों के सामने सजी, नारियल, फूल माला, अगरबत्ती, श्रृंगार सामान सहित दूसरे सामनों की दुकानों के चलते नजारा किसी मेले से कम नहीं था। सार्वधिक भीड़ मां विंध्यवासनी मंदिर, महामाया मंदिर तथ मां काली मंदिर में देखने को मिली। मंदिरों में उमड़ी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी पुख्तास इंतजाम किए गए थे।

## ग्रामीण परिवार का सामाजिक बहिष्कार, पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कुण्डा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम अखरा के सामाजिक बहिष्कार से पीड़ित एक परिवार ने कवर्धा पहुंचकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि पीड़ित परिवार बीते तीन सालो से सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुडा थाना क्षेत्र के अखरा गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी और उनका परिवार बीते तीन सालों से सामाजिक बहिष्कार की पीड़ा झेल रहा है। जानकारी के अनुसार, समाज के तथाकथित ठेकेदारों ने इस परिवार को समाज से बाहर कर दिया और गांव में हुक्का-पानी तक बंद करवा दिया है। इतना ही नहीं समाज से बहिष्कृत किए गए परिवार के लिए फरमान जारी किया गया है कि अगर कोई भी व्यक्ति इस परिवार को किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने निमंत्रण देगा तो उस पर 51 हजार और 21 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं इस सामाजिक बहिष्कार की वजह बेहद चौंकाने वाली है। दरअसल, राजेंद्र चंद्रवंशी अपने भतीजे की शादी में शामिल हुए थे। शादी में डीजे बज रहा था, जबकि समाज में डीजे पर प्रतिबंध है। इस पर समाज के नेताओं ने पूरे परिवार को बहिष्कृत कर दिया। जबकि हकीकत यह है कि पीड़ित परिवार अपने भतीजे से पिछले 20 सालों से अलग रहता है। परिवार का कहना है कि गांव के दुकानदार उन्हें सामान तक नहीं देते। हैंडपंप से पानी भरने नहीं दिया जाता और गांव वाले बातचीत भी पूरी तरह से बंद कर चुके हैं। इस अमानवीय व्यवहार के चलते पूरा परिवार तीन वर्षों से अपमान और तिरस्कार का जीवन जीने को मजबूर है। अपनी इस पीड़िता को लेकर अब पीड़ित परिवार के सदस्यों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

**कवर्धा।** अक्टूबर 2025 में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रोजगार मेले में सम्मिलित होने के उद्देश्य से जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कवर्धा, पंडरिया, बोडला, पिपरिया एवं सहसपुर-लोहारा में 23, 24, 26 एवं 27 सितंबर को कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को पंजीयन प्रक्रिया, प्रोफाइल अपडेट तथा साक्षात्कार की तैयारी से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### हथमुड़ी में सुनी नरेंद्र मोदी की मन की बात

**कुण्डा।** भाजपा मण्डल कुण्डा अंतर्गत ग्राम हथमुड़ी बूथ क्रमांक 190 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सोमवार को 126 वीं कड़ी का प्रसारण हुआ। जिसमें मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात की 126वी कड़ी को सुनी। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम 126वी एपीसोड को संबोधित किया, उन्होने अपने संबोधन में बेटियों को संबोधित करते हुए कहा बेटियां हर जगह परचम लहरा रही है। श्री मोदी ने कहवा बिजनेश से लेकर स्पोर्ट्स तक और एजुकेशन से लेकर साइंस तक आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, गायत्री चंद्रवंशी, रामकृष्ण, दिलेश्वर, रामकिशन, मेघनाथ, भूरू, सतपाल, कार्तिक, जितेन मुख्य रूप से उपस्थित थें।

## नगर के तीन शक्तिपीठों से निकाली गया आस्था का खप्पर

### शक्ति स्वरूपा के दर्शन को उमड़ा जन सैलाब



फाईल फोटो

- धर्मनगरी में वर्षों पुरानी परम्परा का किया गया निर्वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हर साल की तरह इस साल भी आदि शक्ति की श्रृद्धा और भक्ति के महापर्व क्वार नवरात्रि की महाअष्टमी के मौके पर आधी रात के बाद धर्म नगरी कवर्धा में वर्षो पूरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए तीन शक्तिपीठों से खप्पर निकाली गई।

जिनके दर्शन को कवर्धा नगर सहित आसपास व दूर दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान कई श्रृद्धाओं को खप्परधारियों के कोप का भी सामना करना पड़ा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम रात्रि 12.00 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर से खप्पर निकाली गई। तत्पश्चात मां चण्डी मंदिर से तथा मां परमेश्वरी मंदिर से खप्पर निकाली गई।

मां शक्ति के प्रतीक माने जाने वाले तीनों शक्ति पीठों के खप्परधारियों को देवी के परिधान व अलंकारों से सुसज्जित होकर लंबे केश युक्त सिर पर मुकुट और एक हांथ में चमचमाती नंगी तलवार व दूसरे हांथ में दहकता खप्पर धारण किये देखना अनोखा अनुभव था। उस पर रात के अंधेरे में शक्ति रूपी की गूंजने वाली किलकारी लोगों के रोंगटे खड़े कर रही थी।

हजारों की भीड़ के बीच जब खप्परधारी और अगुवान नगर के मुख्य मार्गो में तलवार लहराते हुए चल रहे थे तो उनकी एक झलक पाने जन सैलाब उनके पीछे दौड़ रहा था। इस दौरान मंदिर समितियों के सदस्याओं और खप्पर धारियों व अगुवान द्वारा मार्ग पर पड़ने वाले मंदिरों में रूक-रूक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की गई। ज्ञातव्य हो कवर्धा नगर में वर्षो पुरानी परम्परा का आज भी बखूबी निर्वहन करते हुए नगर के शक्ति पीठों से नगर की सुख, समृद्धि और शांति के लिए खप्पर निकाली जाती है। इसी परम्परा का निर्वाहन करते हुए नगर के तीन शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी, मां परमेश्वरी और मां चण्डी मंदिर से खप्पर निकाली गई।

तीनों मंदिरों के खप्पर धारक अपने अगुवान के मार्गदर्शन में ह्रदय विदारक किलकारी के साथ बिलासपुर मार्ग, सतनामी पारा, ठाकुर पारा, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, वीरस्तंभ चौक, गायत्री मंदिर, अंबेडकर चौक से महामाया मंदिर होते हुए उच्च विश्राम गृह के निकट सरदार पटेल मैदान को पारकर सतबहिनिया मंदिर, राज महल चौक, सिविल लाईन, राधा कृष्ण वार्ड, शीतला चौक, करपात्री चौक, हटरी पारा, कचहरी पारा, गुप्ता पारा होते हुए अपने-अपने देवालयों में जाकर शांत हुए।

इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए हुए हजारों की संख्या में लोगों ने खप्पर के दर्शन किए। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गो में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

### मंदिरों में उमड़ी श्रृद्धालुओं की भारी भीड़

धर्म नगरी कवर्धा में नवरात्र पर्व के मौके पर निकलने वाली खप्पर की ख्याति पूरे प्रदेश में है। जिसके चलते महाअष्टमी की शाम से ही नगर में लोगों के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो जाता है और आधी रात तक नगर में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। दुर्गा पण्डालों तथा मंदिरों में दर्शन करने के पश्चात लोग खप्पर के दर्शन करने पूरे निर्धारित मार्गो में जमे होते हैं। इनमें से कई शरारती तत्व एक बार दर्शन करने के बाद भी खप्पर का पूरे मार्ग भर पीछा करते हैं जिससे व्यवस्था में व्यवधान आता है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कुरूवा में सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान मंगलवार को ग्राम कुरूवा पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत कर उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात श्री शर्मा ने ग्रामवासियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को विस्तार से सुना। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना है। इसी क्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की समस्या को नियमानुसार प्राथमिकता पर हल किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान और आमजनों के जीवन स्तर को ऊं चा उठाने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन का निर्माण ग्रामीणों की सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

यह भवन गांव के सामूहिक आयोजनों, बैठकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक सशक्त केन्द्र बनेगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाएं और विकास कार्य अब सीधे गांव-गांव तक पहुंच रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, पेयजल, कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कबीरधाम जिले के प्रत्येक गांव को योजनाओं का लाभ मिलेगा और यहाँ के लोगों का जीवन स्तर और बेहतर होगा। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री के साथ जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कार्यक्रम में हुड़दंग मचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा



स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम छोटुपारा में 30 सितम्बर को आयोजित गोरेलाल बर्मन के सांस्कृतिक कार्यकम के दौरान रात्रि करीबन 02.00 बजे हुड़दंग माचाने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी दिलीप साहू पिता मनीराम साहू उम्र 29 साल निवासी छोटुपारा थाना स. लोहारा कार्यक्रम देख रहे लोगों के उपर गिट्टी फेंक रहा था व हो हल्ला कर गाली गलौज करते हुए कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न करने लगा। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को धारा-170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा क्र मां क 56/133/2025 तैयार कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जिला जेल दाखिला कराया गया।

## कवर्धा में सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में 23 से 29 सितंबर 2025 तक सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल शामिल हुए। प्रशिक्षण में कबीरधाम जिले के विभिन्न गांवों से चयनित 25 कृषकों ने भाग लिया, जिनमें ग्राम नाउडीह, पड़कीकला, महली, खरहट्टा, जमुनिया, नेवारी, मगरवाड़ा, रापा, मोटियारी, मोतिमपुर, कवर्धा, सारंगपुर एवं सिल्हाटी के कृषक सम्मिलित थे। मुख्य अतिथि द्वारा सभी 25 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के प्रक्षेत्र का भी अवलोकन किया तथा केन्द्र की गतिविधियों की सराहना करते हुए वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण के दौरान राज्य के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों से आए वैज्ञानिकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इसमें मधुमक्खियों के प्रकार, फूल प्रबंधन एवं रख-रखाव, उपकरणों का उपयोग, स्थान का चयन, शहद निष्कर्षण की विधि, बाजार की मांग, विक्रय एवं पैकेजिंग जैसे विषय शामिल रहे। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। कृषकों को बताया गया कि मधुमक्खियां फसलों के परागण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे फल, सब्जी एवं दलहनी फसलों की पैदावार बढ़ती है और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, मधुमक्खियों द्वारा उत्पादित शहद पौष्टिक एवं औषधीय गुणों से भरपूर होता है, वहीं मधुमक्खी से प्राप्त मोम का उपयोग सौंदर्य प्रसाधन, पॉलिशिंग एवं औषधि उद्योग में किया जाता है।

**उपभोक्ताओं को सीधी राहत, कई वस्तुएं और सेवाएं हुई सस्ती**

## जीएसटी सुधारों से व्यापारियों और उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों को लेकर देशभर में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इस कड़ी में कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने इन सुधारों का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय देश के व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं दोनों के लिए बेहद राहतदायक साबित हो रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने अपने बयान में कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जीएसटी सुधारों से कृषि, चिकित्सा और इलेक्ट्रॉनिक सहित कई दैनिक उपयोगी उत्पादों से जीएसटी हटाया गया है अथवा कम किया गया है जिसका सीधा लाभ लोगों को मिलेगा। उन्होने कहा कि कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले खाद, कीटनाशक, बीजों पर



लगने वाला कर घटने से अब किसानों को यह सामग्री सस्ती दर पर उपलब्ध होगी। इससे खेती की लागत कम होगी और किसानों की आय बढने की संभावना है। इसी तरह चिकित्सा क्षेत्र में भी कई आवश्यक उपकरणों और दवाइयों पर जीएसटी दर कम की गई है। मरीजों के इलाज में प्रयुक्त होने वाले डायग्नोस्टिक किट, सर्जिकल उपकरण और सामान्य दवाइयों की कीमतों में कमी आएगी। इससे आम लोगों को इलाज पर होने वाला खर्च कम होगा और स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में मोबाइल फोन, लैपटॉप और एलईडी बल्ब जैसी वस्तुओं पर जीएसटी घटने से इनकी कीमतें कम होंगी। इससे डिजिटल सेवाओं और पढ़ाई-लिखाई में तकनीकी साधनों का उपयोग बढ़ेगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि यह सुधार किसानों, मरीजों और आम जनता के हित में है। इससे न केवल जीवन-यापन आसान होगा बल्कि कृषि उत्पादन और डिजिटल विकास को भी नई गति मिलेगी।

### नपा कवर्धा ने नरेंद्र मोदी के प्रति पारित किया धन्यवाद-अभिनंदन प्रस्ताव

नगर पालिका परिषद कवर्धा में मंगलवार को अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषद सदस्यों ने केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए इसे देश की आर्थिक प्रगति और कर प्रणाली को सरल बनाने वाला कदम बताया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि नए सुधारों से व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

## रासेयो स्थापना दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत व राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पूजा अर्चना, माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना , लक्ष्य गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षको के स्वागतोपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत (व्याख्याता) ने स्वयंसेवकों को बताया कि महात्मा गांधी जी के जन्म शताब्दी वर्ष 24 सितंबर 1969 को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना हुआ था जिसे प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है जिसमें शिक्षा के साथ समाजसेवा करने और व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण करने का सबसे बड़ा मंच



राष्ट्रीय सेवा योजना है यह आपको शून्य से शिखर पर ले जा सकता है। यह कार्यक्रम भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं राज्य शासन द्वारा पूरे भारत में संचालित किया जाता है। जिसके राज्य रासेयो अधिकारी डॉ. नीता वाजपयी, दुर्ग विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जिनेंद्र दिवान, बेमेतरा एवं कबीरधाम जिला संगठक डॉ. कामती सिंह परिहार के कुशल मार्गदर्शन से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है साथ ही स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा और स्वच्छता के लिए शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य हरिनारायण पांडेय ने स्वयंसेवकों को समाजसेवा करने के लिए रासेयो को चुनना, स्वयंसेवक होना अपने आप में राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है जिससे भावी पीढ़ी भी प्रेरित होंगे । वहीं कार्यक्रम का आभार प्रकट सहायक कार्यक्रम अधिकारी किशन लाल सत्यवंशी (व्याख्याता) ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वयं सेविका प्रियंका साहू ने किया।